MDHL_BHOOMI_13_2024-01_Layout 1 1/12/2024 11:34 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

08 विकसित भारत संकल्प यात्रा में बने हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड



10 कृषि अनुसंधान खुलने का सपना देखा था दाऊ कल्याण सिंह ने






## खबर संक्षेप




### अपहृता नाबालिग बरामद आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** आपरेशन मुस्कान अभियान के दौरान नाबालिग अपहृता को बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। अवहृता को पुलिस ने आरोपी के कब्जे रायपुर से बरामद किया है। थाना प्रभारी सुहेला निरीक्षक अजय झा के नेतृत्व में थाना में पंजीबद्ध लंबित 363 भा.द.वि. एवं गुम इंसानों की पतासाजी की के दौरान नाबालिग अपहृता को 12 जनवरी को आरोपी 28 वर्षीय पिसनव्रत केल कोशले के कब्जे रायपुर से बरामद कर पीड़िता को अस्थायी रूप से उनके माता पिता को संरक्षण के लिए सौंपा गया। मामले में धारा 366क, 376 भा.द.वि. 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ग्राम तेलाशी थाना गिधपुरी का रहने वाला है।

### धान के अवैध परिवहन, 350 बोरी जब्त

**महासमुंद।** जिले में सीमावर्ती ओडिशा राज्य से अवैध धान के परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है। गुरुवार देर रात को तहसीलदार ममता ठाकुर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम भिलाईदादर में थाना के आगे 350 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गाड़ी सहित धान को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि रात में धान से भरी गाड़ी ओडिशा से छत्तीसगढ़ के बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लिटियादादर ला रहे थे। उल्लेखनीय है कि ओडिशा सीमा से लगे अंतरराज्यीय चेक पोस्ट के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान के अवैध परिवहन व भंडारण पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** बागबाहरा थानांतर्गत वार्ड 12 तेंदूलोथा में 45 साल के शख्स ने घर के म्यार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि श्यामलाल यादव पिता विशंभर यादव ने अपने घर के म्यार पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### दिन में सूने मकानों को चिन्हांकित कर पूरी टीम के साथ चोरी की घटना को देते थे अंजाम

# चोर गिरोह का हुआ भंडाफोड़, नौ शातिर गिरफ्तार, 8 की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के समृद्ध कालोनी में 31 दिसंबर की रात घटित चोरी की वारदात में शामिल 9 आरोपियों को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी के जेवरात, नगदी रकम तथा वारदात को अंजाम देने में प्रयुक्त दो मोटर सायकिल जब्त की है। शुक्रवार को सिटी कोतवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में घटना का खुलासा करते हुए बताया गया है कि आवेदक हीरालाल अग्रवाल निवासी समृद्धि कॉलोनी बलौदाबाजार द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, वह सह परिवार पुरी घूमने गए थे, कि पड़ोसी द्वारा फोन कर बताया गया कि मेरे घर का अंदर खिड़की का राड निकला हुआ है तथा खिड़की का सरिया टूटा हुआ है। सूचना पर सह परिवार वापस आकर घर चेक किया, तो अंदर घर का सामान बिखरा हुआ था, जिसमें से घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण, एक लैपटॉप, नगदी 1,95,000 सहित कुल 4,50,000 रूपये का सामान घर में नहीं था, जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है।



#### मामले में शामिल आठ आरोपी अभी भी फरार

चोरगिरोह में शामिल 8 आरोपी फरार बताये गये हैं, जिनकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा इन आरोपियों से 15,000 नगद, एक लैपटॉप एवं चांदी के जेवर सहित कुल 75,000 का मशरूका बरामद किया गया है। साथ ही आरोपियों से घटना में प्रयुक्त 2 मोटर सायकिल एवं 6 नग मोबाइल भी जब्त किया गया है। प्रकरण में सभी 9 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

#### सभी आरोपी शातिर बदमाश

मामले में सिटी कोतवाली में धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में तुरंत आसपास घरों कार्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन एवं चोरी के आरोपियों का पता तलाश प्रारंभ किया गया। मामले में अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में साइबर सेल और थाना सिटी कोतवाली की विशेष टीम का निर्माण किया गया। टीम द्वारा टेक इंट, सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबीर सूचना पर ग्राम कोलिहा, कोहरौद, मुंडा एवं पेंडरी निवासी संदिग्ध 9 आरोपियों को पकड़ा गया, जिनसे पूछताछ पर इन सभी आरोपियों ने अपने कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर समृद्धि कॉलोनी बलौदाबाजार में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों से भी पूछताछ जारी है। पकड़े गए सभी आरोपी बहुत ही शातिर किस्म के हैं। वे शहर की कॉलोनियों में अलग-अलग घूमते रहते थे तथा दिनभर में किसी सूने मकान को चिन्हित कर, पूरे गिरोह के साथ रात में उस घर में चोरी की घटना को अंजाम देते थे। पूछताछ पर बलौदाबाजार शहर एवं इसके आसपास घटित कई अन्य चोरियों का खुलासा होने की उम्मीद है।

#### ये रहे आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में तीर्थराज पिता रामेश्वर वर्मा 23 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन, रेवल पिता बुधराम वर्मा 22 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन, सूरज पिता सोनू राम 21 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन, रुपेश पिता मालिक राम 24 वर्ष निवासी ग्राम कोहरौद थाना लवन, भूपेंद्र कुमार पिता भगत राम 25 साल निवासी ग्राम कोलिहा थाना लवन, हिमांशु पिता केदारनाथ वर्मा 23 साल निवासी ग्राम मुंडा थाना लवन, रोहित प्रसाद पिता उत्तरा 29 साल निवासी ग्राम पेंड्री थाना भाटापारा ग्रामीण, सुनील पिता शिवदास चतुर्वेदी 28 साल निवासी ग्राम पेंड्री थाना भाटापारा ग्रामीण, राजा पिता संतोष कुर्रे 23 साल निवासी ग्राम पेंड्री थाना भाटापारा ग्रामीण शामिल हैं।

# धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंचे राजस्व अधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में कुछ धान खरीदी केन्द्रों में किसानों द्वारा अव्यवस्थता की शिकायत कलेक्टर चंदन कुमार से की, जिस पर कलेक्टर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जिले के सभी राजस्व अधिकारी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए। जिस पर शुक्रवार को सुबह से ही एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान सुहेला नायब तहसीलदार दिलीप सामल द्वारा धान खरीदी केन्द्र बड़े जरौद, पलारी तहसीलदार देवेन्द्र नेताम द्वारा सिसदेवरी एवं वटगन, कसडोल तहसीलदार विवेक पटेल द्वारा हटौद एवं कुसुमसरा, भाटापारा तहसीलदार पेखन टोंडरे द्वारा निपनिया एवं बिटकुली, भाटापारा नायब तहसील प्रकाश पटेल द्वारा खैरी एवं गुर्रा, सिमगा नायब तहसीलदार भूपेन्द्र नेताम द्वारा मनोहरा एवं चौरेंगा, सोनाखान तहसीलदार ▶▶ शेष पेज 09 पर

### वजन में कम मिला धान, एसडीएम ने प्रबंधक को जारी किया नोटिस

**भटगांव।** सारंगढ़ एसडीएम आईएएस वासु जैन गुरुवार की रात बरमकेला ब्लॉक के ग्राम कंठीपाली के धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। इस केंद्र में किसानों से तौल किए गए धान बोरी में 2 किलो ज्यादा धान और भंडारित (स्टेक) किए गए धान को तौलाया, तो धान बोरी में 3 से 4 किलो कम धान पाया गया। एसडीएम जैन ने किसानों से इस संबंध में बातचीत की और इसका पंचनामा तैयार किया। एसडीएम ने जांच में समिति प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और सहायक पंजीयक को कार्यवाही के लिए पत्र लिखा। इस अवसर पर तहसीलदार आयुष तिवारी उपस्थित थे।



# गुरु घासीदास के उपदेश व संदेश को लेकर समाज आगे बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

ग्राम पंचायत हथबंद में इस वर्ष भी गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि बलौदाबाजार विधायक एवं राजस्व खेल मंत्री टंकराम वर्मा थे। इसके अलावा जनपद सदस्य संतोष साहू, मोहन ढिकडे, शिव सेना से अध्यक्ष ईश्वर निषाद, सरपंच प्रतिनिधि विद्या वर्मा, पंच आरती जाएंगे, ललिता जोगी, संजू वर्मा, सतनामी समाज अध्यक्ष दुलेश्वर अनंत मूलचंद टंडन, सीआर बघेल, नरेंद्र युवा अध्यक्ष, भरत चतुरे सतनाम प्रकाश पाल भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने बाबा के चरण वंदन किया। ▶▶ शेष पेज 09 पर

- गुरुघासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री टंकराम

#### खिलाड़ियों को 15-15 हजार प्रोत्साहन राशि देने घोषणा की

उन्होंने कहा बाबा ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। विकास कार्यों के संबंध में मंत्री ने कहा हथबंद के आस पास के 14 गांवों को अपने नजर में रखे हैं, जिसका प्राथमिकता एवं अति आवश्यकता अनुसार लगभग दो करोड़ कार्य का आबंटन कर धोधा, खिलौरा, केसली, नेवधा, लावर आदि गांवों को बारी-बारी से कार्य करवाने का भार हथबद सरपंच प्रतिनिधि संजू विद्या वर्मा और मोहन ढिकड़े के माध्यम से होना है। उन्होंने बताया सतनामी समाज की कुछ मांगों को पूरा करते हुए पंथी नृत्य एवं युवा खेल को प्रोत्साहन करते हुए 15-15 हजार रुपए देने की घोषणा की। समाज को अग्रणी बनाने में नशामुक्त समाज का गठन कर बाबा गुरुघासी दास बाबा के उद्देश्य और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने जोर दिया।

# बाजार में बदमाशों ने मचाया उत्पात, विवाद के बाद जीजा-साले पर किया चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

सप्ताहिक बाजार में गुंडों ने खुब उत्पात मचाया, जहां सब्जी खरीदने आये जीजा साले से विवाद कर मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया, जहां साले को गंभीर हालत में रायपुर पहुंचाया गया। वहीं एक अन्य पर भी हमला कर घायल किया। खरोरा पुलिस ने चार में से तीन आरोपी को गिरफ्तार कर रोड शो कराते जेल भेजा। वहीं एक अन्य फरार आरोपी की तलाश में जुटी है।

- गंभीर हालत में घायल को भेजा गया रायपुर, हालत नाजूक





घटना खरोरा साप्ताहिक गुरुवार बाजार की है। देर शाम महासमुंद निवासी हितेंद्र साहू अपने ससुराल देवर तिल्दा आया हुआ था और अपने रिश्ते में साले खुमान साहू के साथ खरोरा बाजार सब्जी खरीदने आया था, तभी करियादामा निवासी सोनू कंडरा पिता दिलीप कड़रा 22, कमलू कडरा पिता हजारी कड़रा 22, शाहिल खान पिता बद्दरुद्दीन 23 एवं गडरिया पारा निवासी टिकेश्वर पाल 24 बाजार में हो हल्ला मचाते पहुंचे और महासमुंद निवासी हितेंद्र साहू से किसी बात को लेकर मारपीट करने लगे। बीच बचाव में उतरे साले खुमान साहू पर ताबड़तोड़ चाकू से वार करने लगे, जिसके चलते वह जमीन पर गिर गया। किसी तरह उसे पहले शासकीय अस्पताल फिर नीजि हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, लेकिन गंभीर स्थित को देखते हुए रायपुर भेजा गया। परिजनों के अनुसार खुमान साहू की स्थित ▶▶ शेष पेज 09 पर

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

### आपदा पीड़ित परिवारों को 16 लाख की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से मृत 4 लोगों के निकट परिजनों के लिए 16 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 11 जनवरी को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय के अनुसार हितग्राहियों में रोहित रात्रे पिता श्यामरतन रात्रे निवासी ग्राम नगपुरा दतान प तहसली पलारी, पप्पू ध्रुव पिता तिहारू ध्रुव निवासी ग्राम वटगन तहसील पलारी, सामनी ध्रुव पति स्व. अशोक ध्रुव निवासी ग्राम लाहोद तहसील लवन एवं रामसिंग वर्मा पिता स्व. रेवाराम वर्मा निवासी ग्राम डोंगरा तहसील लवन शामिल हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के गड्ढा के पानी में डूबने, सर्पदंश, आग में जलने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।



## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से जनसंपर्क आयुक्त ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से गुरुवार को राजभवन में जनसंपर्क विभाग के नवनियुक्त आयुक्त सह संचालक मयंक श्रीवास्तव ने सौजन्य मुलाकात की।

### अभ्यर्थियों ने विस अध्यक्ष डॉ. रमन से लगाई गुहार



**रायपुर।** रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत राज्य के आईटीआई में प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती के चतुर्थ चरण के पात्र व चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और संचालक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग विकास डॉ. प्रियंका शुक्ला से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विधानसभा अध्यक्ष और संचालक ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस पर कार्यवाही कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। अभ्यर्थियों ने बताया कि कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा था और जल्द से जल्द नियुक्ति पत्र प्रदान करने की मांग की गई थी।

### संदीप बोले- कांग्रेस का राम-द्रोही चेहरा आया सामने

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण को कांग्रेस द्वारा ठुकराए जाने के फैसले पर कहा, कांग्रेस का राम-द्रोही चेहरा अब खुलकर सामने आया है। श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के भांचा राम को मानने वाले कांग्रेसी प्रभु श्रीराम की शरण में जाएं या फिर यह साफ करें कि उनकी आस्था क्या सोनिया-दरबार के प्रति है। श्री शर्मा ने कहा, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी के तौर पर राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के छत्तीसगढ़ प्रवास पर कहा, विधानसभा चुनाव में पराजय से पस्त हो चली छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपनी टूटी नाव चलाने के लिए राजस्थान से पायलट को बुलवाया है। यह कतई नहीं भूला जाना चाहिए कि ये वही पायलट हैं, जिन्होंने अपने राज्य में कई बार कांग्रेस के उड़ते प्लेन को खींचकर पटकने का काम करके कांग्रेस की सत्ता को धूल चटाई है।



### संत ज्ञानेश्वर स्कूल में मनाई शास्त्री की पुण्यतिथि



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में पूर्व प्रधानमंत्री पं. लालबहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। गुरुवार को सुबह प्रार्थना सभा में स्कूल के वीर शिवाजी हाउस के बच्चों ने पं. शास्त्री को नमन किया। वहीं बच्चों ने ही उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्रीजी बेहद सरल, सहज, स्वभाव के थे।

# राजस्थान को पॉवरकट से बचाने हसदेव क्षेत्र से है कोल की जरूरत: शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

खास खबर

राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम के सीएमडी आरके शर्मा इन दिनों छत्तीसगढ़ के दौरे पर हैं। गुरुवार को उन्होंने नवा रायपुर में मंत्रालय में उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर हसदेव क्षेत्र में चल रहे जन आंदोलन को समाप्त करवाने के लिए सहयोग मांगा, ताकि वहां पर कोल माइंस से कोल का उत्पादन शुरू हो सके।

अधिकारियों से बातचीत के बाद आरके शर्मा ने बताया कि राजस्थान को पावर कट से बचाने के लिए सरगुजा के हसदेव क्षेत्र से कोल की जरूरत है। इस बात को उन्होंने सामने रखा है और उन्हें पूरा आश्वासन मिला है। हसदेव क्षेत्र में पेड़ काटे जाने के विरोध पर उन्होंने कहा कि अब तक 40 लाख पेड़ राजस्थान सरकार ने पहले ही लगा दिए हैं। श्री शर्मा मे मीडिया से चर्चा में कहा कि कोल के बदले में रॉयल्टी के तौर पर सरकार को हर साल औसतन 1000 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा रहा है... गौरतलब है कि राजस्थान के 4300 मेगावाट की बिजली का उत्पादन सरगुजा के कोयले पर आधारित है, जो आने वाली गर्मी के मौसम में राजस्थान के 8 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की सरगुजा जिले में स्थित परसा ईस्ट कांता बासन कोयला खदान के लिए चाही गई जमीन के लिए नवा रायपुर महानदी भवन में उच्च अधिकारियों से मुलाकात की।

#### राजस्थान विद्युत मंडल के सीएमडी छत्तीसगढ़ में



■ मंत्रालय में अधिकारियों से मिले, रखा अपना पक्ष

#### राजस्थान सरकार को अलाट हुआ

सीएमडी आरके शर्मा ने ये भी कहा, यहां पर राजस्थान राज्य विद्युत मंडल का जो खुद का कैपिटल कोल माइन है, जो उन्हें अलॉट हुआ है। यह राजस्थान सरकार का है। ये राजस्थान राज्य उत्पादन निगम की माइंस है। उन माइंस में से हम अपना कोयला नहीं निकाल पा रहे हैं, जिनका कि अलॉटमेंट भी 2007 में हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी अपने डिसीजन दिए हैं।

#### पेड़ कहां नहीं कटते हैं

उन्होंने बताया कि जो पेड़ की बार-बार कटाई हो रही है, आपके यहां पेड़ काटे जा रहे हैं, मुझे यह बताइए कि क्या कोई भी जगह ऐसी है, जहां आप पेड़ काटे बिना कोयला निकाल सकते हो? कहीं निकल सकता है क्या? आज इतने सारे स्टेट हाईवेज निकले हैं, कितने पेड़ कटे होंगे? वहां तो कोई मुद्दा नहीं बना। आज यहां क्यों यह मुद्दा बन रहा है? या एसीसीएल या एनसीएल की जो माइंस हैं, कोल इंडिया लिमिटेड की जो माइंस हैं, या और भी जो माइंस हैं, ये जब माइंस बनी होंगी या इन जगहों से जब कोयला निकला होगा, तब वहां भी तो पेड़ कटे होंगे।

### अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना है

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में बने हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶। मुड़पार-सरसीवां



कलेक्टर के एल चौहान के निर्देशन में सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम रींवापार में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में संयुक्त कलेक्टर प्रकाश भारद्वाज शामिल हुए। इस अवसर पर भारद्वाज ने कहा कि शासन के सभी योजनाओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अवधारणा अन्त्योदय योजना के अन्त्योदय के तहत हमें कार्य करना है। अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं को पहुंचाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हम शिविर कर रहे हैं तो लोगों का काम यहीं हो जाए। इसलिए सभी बुनियादी विभाग आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, राशन कार्ड, पेंशन, स्वास्थ्य, राजस्व, वन, कृषि, सहकारिता, बिहान समूह आदि का स्टॉल लगाया गया है। राशन कार्ड के लिए कलेक्टोरेट तक आने की जरूरत न हो। संयुक्त कलेक्टर ने अपील की कि सभी हितग्राही शिविर में संचालित सभी योजनाओं का लाभ लें। जिले के ग्राम बटाऊपाली अ, डडाईडीह, खैरा छोटे, गोड़ा, खरवानी छोटे, सिंगारपुर, फर्सवानी में, चांटीपाली के आश्रित ग्राम झाबड़, कंचनपुर ब, बिरनीपाली और परधीयापाली, गोविंदवन, पडकीडीपा, टेंगनाकछार, रोहिना, जोरा, बिसनपुर, मिरचीद, करनपाली और पड़कीडीपा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम किया गया। इस शिविर के माध्यम से योजनाओं को प्रचार प्रसार कर जन जन तक पहुंचा रहे हैं, ताकि लोग योजना का लाभ ले सके शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सीमित समय में किया जाना है, जिससे विभागावार प्राप्त आवेदनों को दिया गया है। यात्रा का स्वागत कलश यात्रा एवं बाजे गाजे के साथ किया गया। ग्राम झाबड़ के कार्यक्रम में मनोहर पटेल, हेमसागर नायक, कैलाश पांड, पुनित राम चौहान , डॉ रामकुमार उपाध्यक्ष, यशवंत नायक, गणेशी चौहान, हेमलता नायक, सरपंच गोपीनाथ सिदार, चंद्रकांत जायसवाल, शासकीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाई लिखाई का तरीका सिखायेंगे माता-पिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶। कसडोल

■ बच्चों के पालकों को प्रशिक्षित करने शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

विकासखंड कसडोल अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय एक दिवसीय एफएलएन के तहत अंगना म शिक्षा`` 4.0 का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारम्भ राष्ट्रगान, राज्य गीत से हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन व तिरिथ राम घृतलहरे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने प्रशिक्षण का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण में प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों का उचित देखभाल पोषण और सर्वांगीण विकास की महत्व को विस्तार से समझाया जायेगा एवं उन बच्चों का खेल-खेल में पढ़ाई लिखाई कैसी होनी चाहिए यह उनके माताओं एवं शिक्षकों को प्रशिक्षित करने हेतु यह प्रशिक्षण आप लोगों को दिया जा रहा है। उक्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात आप सभी अपने-अपने संकुल में 13 जनवरी को प्रशिक्षण संपन्न कराएंगे, जिसमें पूर्व प्राथमिक शाला एवं कक्षा 1 व 2 पढ़ने वाले बच्चे व उनके माताओं तथा विकासखंड के सक्रिय माताओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। तत्पश्चात बीआरजी शंकर बाई पैकरा व चंचल साहू व साथ में पूर्व बीआरजी मीता देवांगन और रोहिणी देवांगन प्रतिभागी शिक्षकों को प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए बच्चों का सर्वांगीण विकास एवं विकास में माताओ की भूमिका के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। प्रशिक्षण में पढ़ाई तिहार मेला का आयोजन के संबंध में बताया गया, जिसमें पढ़ाई के साथ खेलकूद के द्वारा बच्चों की सर्वांगीन विकास कैसे हो। उक्त उक्त कार्यक्रम में प्रत्येक संकुल से एक समन्वयक एवं एक महिला शिक्षक प्रतिभागी के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में बीआरसीसी आर डी पटेल लेखपाल, सविता चम्भारे, खगेंद्र जायसवाल, गोरेलाल साहू आदि उपस्थित थे।

## सहायक शिक्षकों ने पदोन्नति के लिए डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**पलारी।** सहायक शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की और पदोन्नति के लिए ज्ञापन सौंपा। इस पर जिला शिक्षा अधिकारी ने मांगों पर त्वरित कार्यवाही कर पूरी किए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लोचन बांधे, ब्लॉक कार्यकारिणी अध्यक्ष रेखा लाल श्रीवास, संरक्षक केशव जायसवाल, हेमंत वर्मा, रामजी ध्रुव, भगवती प्रसाद घृतलहरे, मोहन साहू, जोहन लाल तेहरवंश, रोहित साहू आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### गास मेमोरियल सेंटर व खेल मैदान के प्रबंधन का जिम्मा छग डायसिस को मिला

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के जयस्तंभ चौक पर प्राचीन इमारत गास मेमोरियल सेंटर और आकाशवाणी केंद्र के सामने स्थित गास मेमोरियल खेल मैदान प्रबंधन की जिम्मेदारी चर्च ऑफ नार्थ इंडिया की दी गई है। इससे पहले यह जिम्मेदारी जबलपुर डायसिस के पास थी। इस संबंध में दिल्ली सीएनआई मुख्यालय सिनोड से एक पत्र जारी किया गया है। छत्तीसगढ़ डायसिस के सचिव नितिन लॉरेंस ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में इस संस्था ने छत्तीसगढ़ में अनुकर्णीय सेवाएं दी हैं। जबलपुर डायसिस के बिशप अजय उमेश जेम्स ने 1 दिसंबर को सीएनआई के मॉडरेटर द मोस्ट रेवरेंड बीके नायक को पत्र लिखकर गास मेमोरियल सेंटर प्रबंधन का चार्ज छत्तीसगढ़ डायसिस के बिशप को सौंपने का आग्रह किया था। उन्होंने मॉडरेटर को स्मरण दिलाया कि छत्तीसगढ़ दौरे के वक्त उन्होंने घोषणा की थी कि जल्द ही गास मोमोरियल का प्रबंधन छत्तीसगढ़ डायसिस को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

# पायलट का भव्य स्वागत, डेढ़ दर्जन जगहों पर मंच में जुटे कार्यकर्ता

#### ढेबर समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का हवाई अड्डे पर महापौर एजाज़ ढेबर के समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। ढेबर समर्थकों ने विशाल मंच पर उनका स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। पायलट ने भव्य स्वागत के लिए उनके समर्थकों को धन्यवाद दिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर



विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी सचिन पायलट गुरुवार को पहली बार छत्तीसगढ़ पहुंचे। उनके आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखा गया। कांग्रेसियों ने जगह-जगह मंच बनाकर अपने नवनियुक्त प्रभारी का जोरदार स्वागत किया। दोपहर पौने 2 बजे रायपुर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट से लेकर राजीव भवन पहुंचने में उनको डेढ़ घंटे से अधिक लगा। कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने 15 से अधिक मंच स्वागत के लिए बनाए थे।

एयरपोर्ट पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का स्वागत करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, ताम्रध्वज साहु, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे। वहां से बाहर निकलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सुबोध हरितवाल ने भी सैकड़ों साथियों के साथ एयरपोर्ट के पास जैनम मानस भवन के पास प्रभारी सचिन पायलट का भव्य स्वागत किया।

#### 4 साल 11 महीने बाद सरकार बनाने की दिशा में काम करने की जरूरत

**रायपुर।** एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा, मुझे एक नयी जिम्मेदारी दी गयी है। छत्तीसगढ़ के परिणाम आश्चर्यजनक थे। हम चुनाव नहीं जीत पाये। हार-जीत तो एक सिक्के के दो पहलू हैं। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने बहुत अच्छा काम किया था, जीवन और राजनीति में पीछे नहीं आगे देखना होगा। आप लोगों की मदद करने के लिये मैं पूरा प्रयास, प्रयत्न करूंगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में सबको मिलकर काम करना है। देश के विपक्ष का एकजुटता का प्रयास हुआ है। इंडिया एलांइस अनेकों पार्टियों को लेकर एक गठबंधन बन गया है, बहुत जल्द सीटों का बंटवारा होगा।

#### फुंडहर में सत्यनारायण शर्मा ने किया स्वागत

प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट का फुंडहर चौक पर रायपुर ग्रामीण के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा एवं पंकज शर्मा के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। पुष्प वर्षा के साथ-साथ गज माला पहना कर स्वागत किया। पूर्व विधायक के सैकड़ों की संख्या में समर्थक भी मौजूद थे।

#### पगड़ी पहनाकर किया सम्मान



छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर मरीन ड्राइव में गुरुवार को स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें पगड़ी पहनाकर तलवार भेंट की गई। स्वागत करने वालों में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दीपक मिश्रा, सचिव राजेश चौबे आदि उपस्थित थे।

#### धान से तौल कर किया सम्मान



जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने गुरुवार को छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का धान से तौलकर स्वागत किया। सम्मान के दौरान पूर्व विधायक अनिता शर्मा, प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, धनराज मध्यानी, घनश्याम वर्मा, संतोष पाल, रहमत खान, मोहन वर्मा, श्रवण निषाद, मनसा निर्मलकर, चंद्रहास साहू आदि उपस्थित थे।

#### धनुष-बाण भेंटकर किया स्वागत



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन पर पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने गुरुवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पमालाओं और आतिशबाजी करते हुए भव्य स्वागत किया। साथ ही श्री उपाध्याय ने सचिन पायलट को स्मृति चिन्ह के रूप में धनुष-बाण भेंट किया। ज्ञात हो कि प्रभारी के प्रथम आगमन पर प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में 14 जनवरी से शुरू होगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा इस बार छत्तीसगढ़ से होकर गुजरेगी।

### केके रोड मौदहापारा में लीकेज मरम्मत के लिए रात में लगाई टीम

# 24 घंटे जल आपूर्ति से पहले जयस्तंभ से फाफाडीह तक टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रायपुर

शहर के 15 वार्डों में रहने वाले 2.50 लाख घरों तक 24 घंटे पानी पहुंचाने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की अनुबंधित एजेंसी इन दिनों नई पाइप लाइन बिछा रही है। जयस्तंभ चौक से फाफाडीह तक पाइप लाइन बिछाने के बाद इसकी टेस्टिंग कराई गई, जिसमें 3 जगहों पर बड़े लीकेज मिले हैं। केके रोड मौदहापारा के मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन लीकेज सुधारने गुरुवार की रात में टीम लगाई गई। इसी तरह का बड़ा लीकेज संजय गांधी चौक पर भी मिला है, जिसकी मरम्मत कराने टीम को उतारना पड़ा। इस योजना में 25 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाने का काम अभी बाकी है। 130 करोड़ की लागत से 15 वार्डों में 170 किलोमीटर क्षेत्र में पाइप लाइन



बिछाकर 2 लाख 50 हजार घरों में चौबीस घंटे पेयजल सप्लाई की जाएगी। स्मार्ट सिटी एरिया बेस्ड प्लान के कारण अभी 25 किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाने का काम आने वाले दिनों में शहर में चलेगा। बूढ़ातालाब क्षेत्र, सदरबाजार एरिया में बागड़ी नर्सिंग होम वाली गली, गोलबाजार क्षेत्र, बैजनाथ पारा की गलियों में पाइप लाइन बिछाने काम चलेगा। इसी तरह भाठागांव क्षेत्र, कुकरीपारा, सुभाषनगर, रिंग रोड होते हुए दीवान हास्पिटल क्षेत्र तक पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इसके साथ ही तात्यापारा वार्ड के जोरापारा, मोमिनपारा, हांडी तालाब एरिया में 24 घंटे पानी उपलब्ध कराने पाइप लाइन के लिए सड़क खुदाई की जाएगी। प्रोजेक्ट के प्रभारी अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि शहर के अलग-अलग इलाकों में पाइप लाइन बिछाने के लिए अनुबंधित एजेंसी ने 110 लोगों की 7 टीमें लगाई हैं। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाने के साथ इंटर कनेक्शन देने का काम पूरा हो गया है, वहां नए वाटर मीटर लगाने 2 टीम कार्य कर रही है। वाटर मीटर लगाने की शुरुआत पुरानी बस्ती इलाके से की जा चुकी है। इस क्षेत्र में 1100 प्लास्टिक से बने स्वचालित वाटर मीटर लगाए जाएंगे।

#### 25 किलोमीटर एरिया में पाइप लाइन बिछाना बाकी

ठेका एजेंसी को शहर के चिन्हांकित 15 वार्ड में 170 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने का काम दिया गया है। इसमें 25 किलोमीटर की पाइप लाइन का काम बाकी है। भीड़ वाले क्षेत्र होने की वजह से रात के समय पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। इस काम में 7 अलग-अलग जगहों पर टीम लगाई गई है।

- अमित मिश्रा
डिप्टी मैनेजर सिविल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

#### मोतीबाग और गंज पानी टंकियों को बनाया कमांड एरिया

जितनी खपत उतना पानी का बिल फार्मूले को ध्यान में रखकर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पानी आपूर्ति का पायलट प्रोजेक्ट चलाया है। इसके लिए शहर की सबसे बड़ी मोतीबाग पानी टंकी और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया बनाते हुए नई पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इसके साथ ही 20 हजार घरों में निःशुल्क वाटर मीटर लगाने का काम साथ-साथ किया जा रहा है। अनुबंधित एजेंसी को कार्य पूरा करने की समय सीमा मार्च 2024 तक दी गई है।

## भूपेश के निवास पहुंचे पायलट दिवंगत नंदकुमार को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पहुंच कर सचिन पायलट ने उनके दिवंगत पिता स्व. नंदकुमार बघेल को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रदेश प्रभारी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत और डॉ. शिव डहरिया भी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की गई। राजेंद्र चंद्राकर व संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने पक्षियों के लिए धान झाला बांधा। पीपल वृक्ष एवं घर के बाहर में पक्षियों को गर्मी में ठंडे जल की तलाश रहते है। पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने लोगों से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने अपील की है।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत करने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जिसमें पूर्व उपसरपंच गिरिजा चंद्राकर, सरस्वती चंद्राकर, उषा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाती है। इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप से भी मनाया जाता है।

### छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आरोग्य चिल्ड्रन हॉस्पिटल की डॉ योगिता राठी द्वारा नगर के सुभाष नगर प्राथमिक शाला में अध्ययनरत बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। संस्था के प्रधान पाठक केशव साहू ने बताया कि डॉ योगिता राठी द्वारा विवेकानंद से प्रेरित होकर शाला में अध्ययनरत सभी बच्चों को सर्वप्रथम स्वस्थ जीवन के दिनचर्या कैसी होनी चाहिए? की जानकारी दी गई। साथ ही व्यायाम अनिवार्य रूप से करने कहा। हरी सब्जियों व फलों का सेवन करने संबंधी सलाह दी गई। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों का वजन, ऊंचाई, ऑक्सीजन लेवल व हार्टबीट की जांच की गई। इस दौरान डा सीपी साहू, आकाश सोनी व लक्ष्मी खुंटे मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू, वार्ड पार्षद हेमलता यादव, संकुल समन्वयक पवन साहू, प्रधान पाठक केशव साहू, शिक्षक परमेश्वर कंवर व योगेश चेलक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### रामभक्तों ने अक्षत भेंटकर दिया आमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज :कोर्रा(भखारा)**

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश का ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। विदित हो कि 500 वर्ष के बाद 22 जनवरी को पूरे भारतवर्ष के प्रत्येक गांव में भगवान रामजी की प्राण प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में गुरुवार को रामपुर में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। स्वागत के बाद रामभक्तों ने भजन-कीर्तन करते हुए ग्रामीणों को अक्षत आमंत्रण स्वरूप दिया।

इस अवसर पर रमेश निषाद, मीलूराम साहू, ईश्वर निषाद, भैयाराम साहू, पुरोहित पीलाराम शर्मा, तोडरराम साहू, रामभरोसा साहू, रूपराम साहू, विजय सेन, डोमन साहू, नेहरूराम साहू, तारक दास, चम्मन साहू, भागवतराम साहू, बिसेलाल साहू, नोहेश्वर निषाद, भीखम निषाद, घनश्याम साहू, टुकेश्वर साहू, बोधराम निषाद, पुरुषोत्तम निषाद समेत अन्य उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : शपथ ग्रहण व वार्षिकोत्सव में अतिथियों ने गिनाई दाऊ कल्याण सिंह की उपलब्धि**

# कृषि अनुसंधान खुलने का सपना देखा था दाऊ कल्याण सिंह ने

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा**

दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, भाटापारा में छात्र संघ का शपथ ग्रहण समारोह एवं वार्षिकोत्सव उमंग -2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. संजय शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, इं.गां.कृ.वि., रायपुर, विशिष्ट अतिथि डॉ. एस. एस. सेंगर, निदेशक शिक्षण, इं.गां.कृ.वि., रायपुर, डॉ. जीके दास, अधिष्ठाता कृषि संकाय, कृषि महाविद्यालय, रायपुर, डॉ. एसएस टुटेजा, निदेशक प्रक्षेत्र (बीज एवं प्रक्षेत्र), इं.गां.कृ.वि., रायपुर एवं अध्यक्षता डॉ. एचएल सोनबोइर, अधिष्ठाता द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ राजगीत एवं विश्वविद्यालय के कुलगीत से किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एचएल सोनबोइर ने महाविद्यालय से संबंधित शैक्षणिक एवं विविध गतिविधियों पर आधारित वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के नवगठित छात्रसंघ के रूप में तनु कौशिक, अध्यक्ष, प्रीति वर्मा उपाध्यक्ष, आंकक्षा साहू सचिव एवं नम्रिता सिंह सहसचिव एवं समस्त कक्षा





प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण अतिथियों के उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संजय शर्मा ने अपने संबोधन के दौरान पढ़ाई के साथ-साथ छात्रों के सर्वांगिण विकास पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि डॉ. जीके दास ने दाऊ कल्याण सिंह द्वारा दान में दी गई 15 गांव के 1711 एकड़ के प्रक्षेत्र की पूर्वस्मृतियों पर अपने विचार रखे और इस क्षेत्र में महाविद्यालय की स्थापना को उनका सपना बताया। विश्वविद्यालय से पधारे डॉ. एसएस सेंगर ने शैक्षणिक गतिविधियों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. एसएस. टुटेजा ने प्रक्षेत्र में अनुसंधान की संभावनाओं पर जोर दिया। इसके अलावा अतिथियों द्वारा महाविद्यालय में प्राविणता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही महाविद्यालय के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा ईएलपी कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न कृषि उत्पादों को विमोचित किया गया। इसके उपरांत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश व देश के कला संस्कृतियों की झलक प्रस्तुत की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पूर्व विश्वविद्यालय से पधारे अतिथियों ने महाविद्यालय के समस्त वैज्ञानिकों के साथ प्रक्षेत्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उनके द्वारा गहन रुचि लेते हुए संचालित समस्त अनुसंधान कार्यों की विस्तृत चर्चा करते हुए जानकारी ली एवं अपने बहुमुल्य सुझाव दिये। ईएलपी मशरूम इकाई में छात्रों से जानकारी ली एवं उनके कार्यों की सराहना की। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. केके पाण्डे, सहायक प्राध्यापक एवं धन्यवाद ज्ञापन तनु कौशिक छात्रसंघ अध्यक्षा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु डॉ. सोनबोइर, अधिष्ठाता के मार्गदर्शन में डॉ. राजेश कुमार साहू, प्राध्यापक, डॉ. टी. एल. कश्यप, प्राध्यापक, डॉ. अगंद सिंह राजपुत, सह-प्राध्यापक, डॉ. शरद सराफ, सहायक प्राध्यापक, डॉ. देवेन्द्र उपाध्याय, सहायक प्राध्यापक, डॉ. महेन्द्र कुमार देशमुख, सहायक प्राध्यापक, डॉ. पंचराम मिर्झा, सहायक प्राध्यापक, डॉ उमेश सिंह, सहायक प्राध्यापक, डॉ. मनीषा साहू, सहायक प्राध्यापक, डॉ. चिनेश पटेल, अतिथि शिक्षक, डॉ. दीपिका साहू, अतिथि शिक्षक एवं महाविद्यालय के कर्मचारीगण, छात्र-छात्राऐं एवं अभिभावकगण सहभागी हुए।

### वार्षिक सम्मेलन में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**भाटापारा।** स्थानी मयूर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि डॉ. पूर्णिमा साहू प्राचार्य, नरेंद्र सिंह राठौड़ शाखा प्रबंधक बैंक आफ इंडिया एवं अनिल भृगु अध्यक्ष मयूर क्लब, रविंद्र जैन सचिव, अखिलेश जिंदगी कोषाध्यक्ष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

मुख्य अतिथि डॉ. पूर्णिमा साहू ने सांस्कृतिक आयोजन, खेलकूद, अध्ययन में जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि नरेंद्र सिंह राठौड़ ने सभी छात्रों को निरंतर अच्छे कार्य कर नगर का नाम रोशन करने की बात कही। अध्यक्ष अनिल भृगु ने पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक, साहित्यिक, खेलकूद व अन्य कार्यक्रमों को छात्रों के हित में बताया। सचिव रविंद्र जैन ने संचालन समिति मयूर क्लब के उद्भव से अब तक जन हित, समाजहित में किये जा रहे निःस्वार्थ सेवा, विद्यालय की व्यवस्थित संचालन व उपलब्धि की जानकारी दी। प्राचार्य बाजपेयी ने विद्यालय प्रतिवेदन के माध्यम से विद्यालय के सभी क्षेत्रों की







प्रतिभावान छात्रों की अब तक की उपलब्धि के संबंध में जानकारी दी। निर्णायक अतिथि दुर्गा प्रसाद साहू, नारायण निर्मलकर, निवेदिता वर्मा रहे। मंच संचालन संजय साहू, पूर्ण शर्मा, नरेंद्र साहू, रोजमीन खान, वीणा साहू एवं अदिति दीवान द्वारा किया गया। सम्मेलन में छात्रों ने राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी, मराठी, पंजाबी, सिंधी, गुजराती, सुवा, राउत नाचा, पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर रविंद्र जैन ने सभी के प्रति आभार जताया।

## रामनामी भजन मेला स्थल का कलेक्टर ने किया अवलोकन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव**

कलेक्टर केएल चौहान ने सारंगढ़ और कोसीर के मध्य ग्राम लेंधरा छोटे के रामनामी भजन मेला स्थल का अवलोकन किया। श्री चौहान ने स्थल में आवश्यक व्यवस्था बिजली, पानी, अस्थाई टेंट आदि व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर शिवकुमारी चौहान, एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी एसएन भगत, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आशीष बैनर्जी, कार्यपालन अभियंता विद्युत नरेन्द्र नायक, पीएचई कार्यपालन अभियंता कमल कंवर, तहसीलदारगण नेत्रप्रभा सिदार, कोमल साहू, रूपाली मेश्राम आदि उपस्थित थे।

## विश्व पटल पर सद्भावना एवं भारतीयता का पाठ पढ़ाया विवेकानंद ने

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदा बाजार**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रमेश नेगी ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए 1893 के शिकागो धर्म सम्मेलन में स्वामी जी द्वारा ''मेरे प्यारे अमेरिकी भाईयों एवं बहनों'' संबोधन कर विश्व पटल पर सद्भावना एवं भारतीयता का पाठ पढ़ाया जिसकी मिसाल आज पर्यन्त कायम है। युवाओं के लिए स्वामी जी द्वारा कहे गये प्रेरक वाक्य ''उठो, जागो और तब तक मत रूको जब तक तुम अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर सको'' आज भी युवाओं में उत्साह, आत्मविश्वास व जोश का संचार करते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाणिज्य विषय के शिक्षक दीपचंद बंजारे ने युवा दिवस के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए अध्ययनरत छात्र–छात्राओं से एक आदर्श व सच्चे युवा बनने का आव्हान किया। वरिष्ठ शिक्षक अनिल बंजारे ने युवा दिवस के आयोजन की सराहना करते हुए छात्र–छात्राओं से स्वामी जी के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर अपना भविष्य संवारने पर जोर दिया।

> ■ जयंती कार्यक्रम में अतिथियों ने स्वामी विवेकानंद के गिनाये संदेश

युवा दिवस के अवसर पर विद्यालयीन छात्र–छात्राओं के लिए निबंध, स्लोगन राइटिंग, भाषण एवं प्रेरक गीत की प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिताओं में कुमारी सुमन ध्रुव, दीपाली जोशी, खिलेश्वरी माण्डले, दोनेश्वरी वर्मा, चंचल ध्रुव, मुस्कान मानिकपुरी, वर्षा वर्मा, शारदा साहू, अमन कुर्रे, किशन साहू, हिमेश जोशी, किशन यादव ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।



### छात्र-छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली

प्रतियोगिता के उपरांत स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरक विचारों को जनमानस तक पहुंचाने के उद्धेश्य से छात्र–छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। युवा दिवस के कार्यक्रम में शिक्षक अनिल बंजारे, दीपचंद बंजारे, रूपनारायण साहू, रमेश नेगी, भावेश सेन, नंदकुमार मल्होत्र, इंद्र कुमार कोसले, परस साहू, धर्मेन्द्र खरे, संजय जोशी, श्रीमती भारती उके, अर्चना वर्मा, प्रार्थना महोबिया, प्रीति जलहरे, विद्या साव, महादेवी वर्मा, मंजू कोसले सहित विद्यालयीन स्टाफ महेश साहू, गरिमा पैकरा, मोहसाय साहू उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के 11 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा जारी



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार**

शासन की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को नगर पालिका कार्यालय में आवास योजना स्वीकृत होने पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल द्वारा भवन अनुज्ञा प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर द्वारा आवास स्वीकृत कर भवन अनुज्ञा जारी किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल ने इस अवसर पर आवास हितग्राहियों को संबोधित करते हुये सभी को अच्छे स्तर पर अपने–अपने आवास का निर्माण करने कहा गया।

प्रधानमंत्री आवास योजना उन जरूरतमंदों के लिए है जो अपना पक्का घर नहीं बनवा पा रहे हैं। आवास स्वीकृति उपरांत भवन निर्माण अनुज्ञा ग्राहिता हितग्राहियों में वार्ड 3 कली बाई जोशी-लखन लाल जोशी, वार्ड 8 सुनीता सोनवानी, वार्ड 8 बलदाऊ पटेल, वार्ड 1 श्याम बाई यादव-जगन्नाथ, वार्ड 9 नंदा कुर्रे-बैशाखु कुर्रे, वार्ड 6 दौना नवरंगे-टारजन नवरंगे, वार्ड 18 जीवन जायसवाल-जतिराम जायसवाल, वार्ड 8 अभिषेक केशरवानी, वार्ड 5 सुशीला बाई-श्रीचंद मरैया, वार्ड 8 पूनम चंद साहू, वार्ड 15 मधुसुदन नामदेव-हरिप्रसाद नामदेव, वार्ड 18 मीना सेन-रामायण सेन, वार्ड 10 रामेश्वर पाड़े-गोकूल पाड़े को आवास की स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। अनुज्ञा वितरण के दौरान सभापति संकेत शुक्ला, अमितेश नेताम, अविनाश वैष्णव, अजय गर्ग, नगर पालिका के आवास प्रभारी मुकेश लहरे, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## नगर के वार्ड में अक्षत पुष्प का वितरण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव**

नगर पंचायत टगांव में भाजपा मंडल द्वारा अयोध्या से लाये गये अक्षत कलश की पूजा की गई और आमंत्रण पत्र देकर जनमानस को अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। जहां कार्यकर्ता नगर के सभी वार्ड में घर-घर जाकर अक्षत (पीला) चावल एवं श्री राममंदिर की तस्वीर व निमंत्रण पत्र भी प्रदान कर रहे हैं।

वहीं नगर के वार्ड 2 में सभी वार्ड वासियों को वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद शीला संजीव साहू, पार्षद प्रतिनिधि गुड्डा तेली जिला संयोजक झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ, भटगांव मंडल के मंडल अध्यक्ष झाड़ू राम चंद्रा,



जिला प्रचार प्रसार मंत्री मनोहर सरजाल , महामंत्री फूल चंद्र जायसवाल, जिला संयोजक आर्थिक प्रकोष्ठ रामदुलार साहू, मंडल मंत्री विशाल चौहान, पार्षद प्रतिनिधि सुरेश रघु व लीलाधर वैष्णव, राम लाल साहू, रेवती चंद्रा, गोकुल जायसवाल

निक्की सागर, गणेश्वर प्रसाद आदित्य, विवेक आदित्य, अंशु साहू, भोलेश श्रीवास, अन्नू यादव, समारू सारथी आदि द्वारा बाजे गाजे के साथ जय श्रीराम की घोष करते हुये लोगों को 22 तारीख के लिये घर-घर पहुंचकर आमंत्रण दिया गया। वहीं लोगों से अपने घरों, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की साफ सफाई कर दीपक जलाकर श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने की अपील भी की।

## गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस सदस्य सतीश अग्रवाल

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा**

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोनाटार में बाबा गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी सतीश अग्रवाल शामिल हुए। कार्यक्रम में श्री अग्रवाल ने कहा गुरु घासीदास ऐसे संत रहे जिन्होंने सामाजिक-आर्थिक शोषण तथा जातिवाद, सामंतवादी विचारधारा के शोषण जुल्म के खिलाफ आवाज



बुलंद कर मनखे-मनखे एक समान का संदेश दिया। बाबा के संदेश बताएं मार्ग पर चलकर अपने जीवन को सफल बनाए। इस अवसर पर दौलत कुंजाम, सत्या सरपंच, सुरेश कोसले, चंद्रप्रकाश साहू, प्रीतराम वर्मा, राजेश घृतलहरे, राकेश साहू, जनता साहू, लोमन ध्रुव, भुवन सिंह ठाकुर, केदार मिश्रा, बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अज्ञात लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के बैदपाली के साप्ताहिक बाजार के पास झिलमिला में 2 अज्ञात व्यक्तियों ने एक अन्य शख्स से मारपीट की। प्रार्थी देवीचन भोई रतिराम भोई (47 साल) ने सरायपाली पुलिस को बताया कि आरोपी उसे अचानक देखकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, डंडे से मारपीट करने लगे, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

## पेज 7 के शेष

### समाज गुरु घासीदास...

कार्यक्रम में मंत्री टंकराम वर्मा ने गुरु घासीदास की महिमा एवं उद्देश्य को गिनाया। हथबद की सरपंच प्रतिनिधि संजू विद्या वर्मा ने नारी शक्ति की महिमा का गुणगान करते हुए मिनी माता और गुरु घासीदासी बाबा के चौथे वंशज अगम दास के स्वर्गवास होने के बाद जो मीनाक्षी, मिनी माता का जीवन किन कठनाइयों में राजनीति में आने से किस प्रकार मुकाम तक पहुंचे, उनके संघर्ष भरा जीवन के साथ नारी शक्ति का एक सशक्त नाम के साथ याद रखा जा सकता है। वहीं हमारे एरिया रिपोर्टर राजू पाल ने मंत्री के समक्ष किसानों के लंबित राजस्व से संबंधित प्रकरण को रखा और शराब कोचियों पर पाबंदी लगाने पर जोर दिया। इस दौरान मंत्री टंकराम ने कार्यकर्ताओं से उनके घर जाकर भेंट मुलाकात की और कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाकर आभार व्यक्त किया। इसमें हथबद से धन्ना निषाद, जीतू यादव, गज्जू यादव आदि शामिल हैं।

### धान खरीदी केंद्रों ...

कुनाल कुमार सरवैया द्वारा देवरी एवं थरगांव, लवन तहसीलदार निवेश कुरेटी द्वारा लवन धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही अन्य राजस्व अधिकारियों द्वारा भी सतत निरीक्षण किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान धान के उठाव नहीं होने की शिकायत किसानों द्वारा की गई, जिस पर कलेक्टर चंदन कुमार ने तत्काल उप पंजीयक सहकारिता, डीएमओ एवं खाद्य अधिकारी को तलब करते हुए धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कलेक्टर ने दो टूक कहा कि किसी भी किसान को धान खरीदी केन्द्रों में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सर्वोच्च प्राथमिकताओं के साथ यह कार्य सम्पादित होना चाहिए।

### बाजार में बदमाशों...

गंभीर बनी हुई है। चारों बदमाशों ने जीजा साले के हमला करने के पहले बुडेरा थाना खरोरा निवासी शेरादास चेलक 24 पर हमला कर सिर पर गंभीर चोट पहुंचाया, जिसे शासकीय अस्पताल में इलाज कराया गया। इस घटना के दुखद पहलु यह है कि गुंडा बदमाशों द्वारा घंटो बाजार में उत्पात मचाते रहें, लेकिन पुलिस हमेशा की तरह देर से पहुंची। वही कानून व्यवस्था को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। इन सब के बीच बदमाशों के डर खत्म करने पुलिस ने बदमाशों के साथ रोड शो किया।



## खबर संक्षेप



### जिलाधीश ने बांसउरकुली में पीएम आवास का निरीक्षण किया

**मुड़पार-सरसीवां।** कलेक्टर केएल चौहान ने बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम बांसउरकुली में पूरे हो चुके पीएम आवास ग्रामीण का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने हितग्राही नरबाई पति बलदराम और एक अन्य हितग्राही के घर जाकर उनसे बातचीत की। कलेक्टर ने रसोई में गैस सुविधा का निरीक्षण किया और गैस से खाना पकाते हो या नहीं, हितग्राहियों ने रसोई गैस से खाना बनाने का जवाब दिया। इस दौरान दोनों हितग्राहियों को कलेक्टर ने पुरस्कार प्रदान किया। दोनों हितग्राही परिवार ने प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्का घर प्राप्त होने पर खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. स्निग्धा तिवारी, परियोजना निदेशक हरिशंक चौहान, सीईओ योगेश्वरी बर्मन उपस्थित थीं।

### महिला सशक्तिकरण केन्द्र संचालन के लिए दावा आपत्ति 23 तक

**बलौदाबाजार।** महिला सशक्तिकरण अंतर्गत महिला सशक्तिकरण केन्द्र के संचालन हेतु जिला मिशन समन्वयक, जेण्डर विशेषज्ञ, वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं मल्टी टास्क स्टाफ पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। जिला स्तरीय मूल्यांकन समिति द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण कर पात्र–अपात्र सूची तैयार कर ली गई है। जिन अभ्यर्थियों को पात्र–अपात्र सूची के संबंध में जिन अभ्यर्थियों को दावा–आपत्ति करना हो तो 23 जनवरी समय अपरान्ह 2 बजे तक दावा–आपत्ति कर सकते हैं। दावा–आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे। अधिक जानकारी हेतु जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बलौदाबाजार डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन में जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

### गांजा तस्करी मामले में दो युवकों को 20 साल का कठोर कारावास

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के अपराध में लिप्त जिला आरा भोजपुर बिहार के दो युवकों को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) एक्ट महासमुंद लीलाधर सारथी ने 20 वर्ष की कठोर कैद और दो-दो लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर 10 सितंबर 2020 को थाना कोमाखान निरीक्षक प्रदीप मिंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम टेमरी फॉरेस्ट नाका पहुंचकर नाकेबंदी की थी। तभी खरियार रोड (ओडिशा) की ओर से ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 41 एच 0832 आया। ट्रक को रोककर उसमें सवार दो लोगों से पूछताछ की गई। जिस पर एक ने अपना नाम मोहम्मद कलूट मनसुली पिता मो. सुल्तान मनसुली 45 वर्ष निवासी ग्राम बीबी गंज चकिया, थाना मोफासिल, आम तहसील, जिला आरा भोजपुर बिहार तथा दूसरे ने अपना नाम महेश पासवान पिता श्रीकृष्णा पासवान 19 वर्ष निवासी चितकुंडी चकिया, थाना आम मोफासिल, जिला आरा भोजपुर बिहार बताया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ गांजा को भवानीपटना ओडिशा से बिहार के आरा जिला ले जा रहे थे।

### जयंती : नपा अध्यक्ष ने युवाओं को स्वामी विवेकानंद की तरह ऊर्जावान बनने अपील की

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर छात्रों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार




शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में 12 जनवरी को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की नेहरू युवा केंद्र संगठन रायपुर, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब एवं 7 एनसीसी बटालियन के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान शहर में रैली निकाली गई।

सर्वप्रथम महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण से जिला बलौदाबाजार कलेक्टोरेट मार्ग होते हुए नगर पालिका तक सड़क सुरक्षा नारा रैली एवं विवेकानंदजी के उत्प्रेरक वचनों को रैली के माध्यम से शहरवासियों में जागरूकता अभियान फैलाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल के साथ सभी महाविद्यालय के छात्रों एवं नगर पालिका अधिकारियों ने युवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के युवकों को संबोधन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना। चितावर जायसवाल ने सभी युवकों को स्वामी विवेकानंद की तरह ऊर्जावान बनने, देश की प्रगति में सहयोग करने एवं अपने लक्ष्य के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किए। प्रधानमंत्री का भाषण ने सभी के मन में नया जोश का संचार किया।

महाविद्यालय से मोहनलाल वर्मा, जयंत मिंज, योगेंद्र कंवर, अमृतलाल चौधरी, अभिषेक बंजारे, डॉ. नबी खान, डॉ. अजय अधोलिया, गणेश राम कुर्रे, रुपेश देवांगन एवं बलौदाबाजार सड़क परिवहन विभाग द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केंद्र रायपुर के नोडल अधिकारी अर्पित तिवारी एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। कार्यक्रम का संचालन रासेयो कार्यक्रम नरेन्द्र देव मिर्झा एवं एनसीसी अधिकारी एफ मिंज द्वारा किया गया ।

### नपा भवन में हुआ राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लाइव प्रसारण



**बलौदाबाजार।** युवाओं के आदर्श और प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर हर साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया जाता है। नासिक महाराष्ट्र में आयोजित 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और एक नई ऊंचाई पर ले जाने युवाओं से आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने युवा शक्ति पर केंद्रित अपने सारगर्भित और जोशीले भाषण से युवाओं का हौसला अफजाई किया। जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव का लाइव प्रसारण नगर पालिका परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चित्तावर जायसवाल, पार्षद अमितेश नेताम,संकेत शुक्ला, सीएमओ भोला ठाकुर सहित डीके कॉलेज, मिनी माता कन्या महाविद्यालय के एनसीसी एनएसएस के छात्र–छात्राओं सहित अनेक नागरिकों ने प्रधानमंत्री मोदी का भाषण, विभिन्न राज्यों के लोक नृत्य कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुति और युवाओं के अद्भुत शारीरिक कला प्रदर्शन, मल्लखम्ब, स्केटिंग आदि रोमांचकारी प्रस्तुतियों का लाइव प्रसारण देखा।

### रासेयो इकाई ने मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती




**बगबुड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय –दतान (खैरा) में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर भ्रमण किया। इस दौरान स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एवं प्रभारी प्राचार्य चन्द्र कुमार बंछोर भूतपूर्व सैनिक के नेतृत्व में किया गया। प्राचार्य ने विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला और कहा विवेकानंद महान दार्शनिक, संत, समाज सुधारक, देश भक्त थे। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रैली में शाला नायक लंकेश्वरी निषाद, अनुशासन सचिव पुष्पा धृतलहरे, अंजु सोनवानी, हसीना महिलाग, जागृति वैष्णव, हेमीन चेलक थे।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव के लाइव कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर



**मुड़पार-सरसीवां।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय युवा महोत्सव लाइव प्रसारण कार्यक्रम में कलेक्टर के एल चौहान शामिल हुए। स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी के अवसर पर यह लाइव कार्यक्रम सारंगढ़ के नजदीक ग्राम दुर्गापाली में आयोजित किया गया। इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर भी आयोजित किया गया। इसमें 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और एक नई ऊंचाई पर ले जाने युवाओं से आह्वान किया। उन्होंने युवा शक्ति पर केंद्रित भाषण से युवाओं का हौसला अफजाई किया। इस अवसर पर अतिथि सुभाष जालान, शिवकुमारी चौहान, अन्य गणमान्य नागरिक, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला, सीईओ संजू पटेल सहित युवा वर्ग उपस्थित थे ।

### विवेकानंद जयंती पर छात्रों ने निकाली रैली




**लवन।** स्वामी विवेकानंदजी की 160वीं वर्षगाठ पर नगर भ्रमण करते हेतु बच्चों द्वारा स्वामीजी की वेशभूषा में तैयार होकर स्वामी जी के बताये हुए मार्ग पर चलने का संदेश देते नगर में रैली निकाली। रैली के दौरान छात्रों ने स्वामी जी के संदेश गिनाये। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष डा. नरसिंग वर्मा, व्यवस्थापक इसके अलावा प्राचार्य कमलेश वर्मा, कमला मानिकपुरी, रुपेश कुमार साहू, गजानंद प्रसाद, रजक, कमलेश वर्मा, टिकेश तक, चोली रागे, खीर लाइ रीना घृतलहरे, यामिनी साहू, शिवचरण वर्मा, द्रुमेश साई, हरिशंकर वर्मा, ललीता साहू, सोहम टण्डन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में मनी विवेकानंद जयंती

**लवन।** जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती पर प्राचार्य बी गिरिजा, शिक्षक शिक्षिका तथा छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सभी छात्र–छात्राओं के बीच मैराथन दौड़, योगा, संगीत, भाषण, वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर कक्षा दसवीं के छात्र सिद्धार्थ मिरी, कक्षा आठवीं के छात्र कुमारी प्राची पांडे एवं महिमा साहू ने प्रकाश डाला। इसके पश्चात इतिहास के शिक्षक सत्येंद्र कुमार पांडे ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रीयता की भावना जागृत करने रोचक तथ्य प्रदान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक राजेंद्र सिका द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रभावित होकर छात्र–छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।




### स्वामी विवेकानंद की वेशभूषा में छात्रों ने निकाली रैली



**खरोरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर घोष दल एवं झांकी के साथ छात्रों ने नगर में पथ संचलन किया। यह संचलन विद्यालय प्रांगण से प्रारंभ होकर सोमवारी बाजार से होते हुए, पुराना बस स्टैण्ड, तिगड्डा चौक से नगर के चौराहे चौराहे तक किया गया। इस पथ संचलन में कक्षा अरुण से कक्षा चतुर्थ तक के छात्र शामिल हुए। विद्यालय के छात्र स्वामी विवेकानंद, भगतसिंह, चन्द्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस, डॉ. भीमराव अम्बेडकर व छात्राएं भारत माता व रानी लक्ष्मी बाई, छत्तीसगढ़ महतारी के वेशभूषा में साज सज्जा किये हुये झांकी में शामिल हुए। संचलन का उद्देश्य विवेकानंद के विचार को जन जन तक पहुंचाना है।

## कुम्हारी के स्कूल प्रांगण में लगा बाल मेले छात्रों ने लगाए अलग-अलग व्यंजनों के स्टाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

संकुल स्तरीय बाल मेला का आयोजन शुक्रवार को ग्राम कुम्हारी के स्कूल प्रांगण में आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आर के देवांगन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कसडोल, विशिष्ट अतिथि टीआर घृतलहरे विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कसडोल के उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम कुम्हारी के सरपंच, उप सरपंच, गणमान्य नागरिक पंचगणों का सहयोग रहा। बाल मेला में ग्राम कुम्हारी, खपरीडीह, पहंदा, अमलीडीह के छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न व्यंजनों चाट, गुपचुप, मंचूरियन, बड़ा, भजिया समोसा आदि को स्वयं बनाकर कला का प्रदर्शन किया। इसमें पालकों का भी भरपूर सहयोग रहा।

कार्यक्रम में आर जी जोशी संकुल प्राचार्य, लखेश कुमार देवांगन संकुल समन्वयक कुम्हारी, रामलाल साहू प्रधान पाठक, मंकर प्रसाद, कोमाजी, विनोद देवांगन, तारा देवी घृतलहरे, श्याम स्वरूप राय, सागर शीलवर्धन टांडिया, कृष्ण कुमार घृतलहरे, महेंद्र साहू सहित संकुल केंद्र कुम्हारी के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश पांडे एवं आभार प्रदर्शन आर जोशी संकुल प्राचार्य ने किया।

### आनंद मेले में महकी स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू

**लवन।** ग्राम धाराशिव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक के नेतृत्व में छात्र–छात्राओं ने आनंद मेला का आयोजन किया। मेले में छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजन जैसे फ्राई मोमोज, छोले भटूरे, गुलाब जामुन, इडली, ढोकला, साबुतदाना का बड़ा, लौकी का बड़ा, उड़द दाल का बड़ा, पपीते का पगवा, खीर पुड़ी, बालूसाय गुजिया, गुपचुप आदि पकवानों का स्टॉल लगाया गया। आनंद मेले में शिक्षक और छात्र–छात्राओं के बीच एक अटूट विश्वास और स्नेह संबंध देखने को मिला। आनंद मेले में प्रत्येक स्टॉल के पास



एक–एक कूड़ा दान रखा गया, जिसमें छात्र–छात्राओं के पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाकर और स्वच्छता का संदेश दिया। आनंद मेले में धाराशिव मध्यान्ह भोजन समिति की महिलाएं भी शामिल हुईं। मेले का आयोजन प्राचार्य कमल नारायण गायकवाड़ और संकुल समन्वयक शिवलाल पैकरा के मार्गदर्शन पर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के व्याख्याता मनीषा वर्मा, योगेश वर्मा, पुष्पा कुर्रे, प्रेमप्रकाश जांगड़े, महेंद्र वर्मा, राकेश भारद्वाज, अमृता ध्रुव एवं चंद्रकुमार धीवर का विशेष योगदान रहा। इस प्रकार का आयोजन निश्चित ही छात्र–छात्राओं के उत्साहवर्धन तथा रचनात्मक विकास के लिए किया जाना चाहिए।

## वल्नरेबल मैपिंग को लेकर सेक्टर अधिकारियों का पहला प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



■ लोकसभा चुनाव की तैयारियां प्रारंभ

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियां प्रारंभ हो गई है। इस तारतम्य में शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में वल्नरेबल मैपिंग को लेकर सेक्टर अधिकारियों की पहला प्रशिक्षण हुआ। इसमें जिलेभर के 202 सेक्टर अधिकारी शामिल हुए। 202 सेक्टर अधिकारियों में 101 पुलिस विभाग सेक्टर अधिकारी एवं 101 अन्य विभागों के अधिकारी-कर्माचारीगण शामिल थे। उक्त प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रवार निर्धारित बिंदुओं पर जानकारी तैयार करने के लिए प्रपत्र प्रदान किए गए अनुलग्नक 1 एवं 2 को तैयार कर 15 जनवरी तक जमा करने के निर्देश दिए गए है। उक्त प्रशिक्षण स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर केएस तिवारी द्वारा दिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आरआर दुबे ने अधिकारियों के शंकाओं का समाधान भी किया। प्रशिक्षण में प्रोग्रामर ओंकार सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## हसदेव अरण्य जंगल कटाई पर रोक लगाने की मांग

**बलौदाबाजार।** हसदेव अरण्य क्षेत्र में जंगलों की कटाई पर तत्काल रोक लगाने और खदान की नीलामी निरस्त करने की मांग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के समृद्ध पर्यावरण कहलाने वाला हसदेव अरण्य का सौदा आखिर स्वार्थ के चलते किया गया। उन्होंने कहा कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में 27 जुलाई 2022 को प्रस्ताव पारित कर हसदेव अरण्य, तमोर पिंगला और कोरबा के हाथी रिजर्व क्षेत्र के वनों में कोल ब्लॉक आवंटन रद्द करने संकल्प लिया था। इस दौरान मोदी सरकार के कोयला मंत्री ने रायपुर आकर यह भी कहा कि जहां पर कोल बेयरिंग एक्ट लागू होता है, वहां पेसा कानून के प्रावधान लागू नहीं होते, किसी के आपत्ति या सहमति से कोल खनन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।



एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार
जिला के अंतर्गत **भैंसा, सेल, बलौदा (हसवा), खान** में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
**हरिभूमि कार्यालय, रायपुर**
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468, 9098595071

Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
राहुल ट्रैवेल्स अब आपके क्षेत्र में फ्रेंचाइजी / एजेंसी दे रहे है,
मात्र 20000 से 25000 के इन्वेस्टमेंट में 10 % का मार्जिन।
राहुल ट्रैवेल्स
(वन वे टैक्सी प्राइवेट लिमिटेड)
रायपुर एयरपोर्ट (छग)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे -
विनोद पिंजानी 7693055301
/RahulTravels | /RahulTravelsOneWay | www.rahultravels.com

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
बिलासपुर, रायपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
12 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, स्टेच्यु ऑफ यूनिटी/माउंट आबू
ऑफर राशि स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-15,500/-, 2 एसी 19,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411